हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज आइकॉन

T.C. NO. MAHHIN10172

संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला | ईमेल: newsicon2021@gmail.com | मूल्य: रु. - 2/-

वर्ष: २ | अंक: २१ | पृष्ठ: 8 | शुक्रवार, मुंबई, 04 नवम्बर से 10 नवम्बर 2022

# फडणवीस के मंत्रालय ने उनकी पत्नी को दी वाई प्लस सिक्योरिटी, ट्रैफिक क्लीयरेंस के लिए भी मिली गाड़ी

**मुंबई:** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस की पत्नी सुर्खियों में हैं। राज्य के गृह विभाग को रिपोर्ट करने वाले खुफिया विभाग ने अमृता फडणवीस को वाई प्लस कैटेगरी की सुरक्षा प्रदान की है। साथ ही उनके लिए ट्रैफिक क्लीयरेंस वाहन भी आवंटित किया गया है। आपको यह भी बता दें कि उनके पास पहले एक्स कैटेगरी की सुरक्षा मौजूद थी।अब इस सुरक्षा कैटगरी में अब एक एस्कॉर्ट वाहन और चौबीसों घंटे पांच पुलिसकर्मियों उनकी सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगे। पुलिस सूत्रों ने कहा कि मुंबई पुलिस के सुरक्षा विभाग ने यातायात अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भेज दिए हैं। हालांकि, अमृता फडणवीस ने अभी तक ट्रैफिक क्लीयरेंस वाहन का उपयोग अपने काफिले में नहीं किया है। सुरक्षा अपग्रेड के बारे में पूछे जाने पर महाराष्ट्र के गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस ने द इंडियन एक्सप्रेस को बताया, ह्वअमृता फडणवीस ने किसी भी सुरक्षा अपग्रेड के लिए आवेदन नहीं दिया था है। खतरे की आशंका के आधार पर हाई पावर कमेटी ने सुरक्षा दी है। ट्रैफिक क्लीयरेंस वाहन के लिए भी आवेदन नहीं किया गया है। अमृता ने विशेष रूप से पुलिस को बताया है कि उसे ट्रैफिक क्लीयरेंस वाहन की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा, मुझे बताया गया है कि इस तरह के ट्रैफिक क्लीयरेंस वाहन पूरे ठाकरे परिवार और कई अन्य निजी व्यक्तियों को अतीत में प्रदान किए गए थे। यह पद के आधार पर नहीं, बल्कि खतरे के ध्यान में रखते हुए फैसला किया जाता है। ऐसे कई लोग हैं जो विधायक भी नहीं हैं और Z+ Z दिया जाता है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि आम तौर पर केवल संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों को यातायात क्लीयरेंस वाहन दिया जाता है। ठाकरे परिवार के बारे में फडणवीस के दावे पर आदित्य ठाकरे ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। परिवार के करीबी एक शिवसेना नेता ने कहा, रश्मि ठाकरे (उद्धव ठाकरे की पत्नी) और तेजस ठाकरे के पास दो एस्कॉर्ट थे, लेकिन कोई ट्रैफिक पुलिस नहीं थी। गृह विभाग के सूत्रों के अनुसार, पिछली महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार के दौरान अमृता फडणवीस को एक्स श्रेणी (एस्कॉर्ट के साथ) सुरक्षा कवर प्रदान किया गया था। तब देवेंद्र फडणवीस विपक्ष के नेता थे। जून में एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस सरकार के गठन के महीनों के भीतर कई एमवीए नेताओं के सुरक्षा कवर को कम करने का निर्णय लिया गया था।



एक अधिकारी ने कहा, 2 अक्टूबर को एसआईडी (राज्य खुफिया विभाग) आयुक्त के कार्यालय ने एक नोट जारी किया कि अमृता फडणवीस के सुरक्षा कवर को अपग्रेड किया गया है।







# मुंबई में लिफ्ट में फंसने से 62 वर्षीय महिला की मौत, मार्निंग



**मुंबई।** मुंबई की एक बहुमंजिला रिहायशी इमारत की लिफ्ट में फंसने से 62 वर्ष की एक महिला की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार ये घटना 21 अक्टूबर की है जब चारकोप इलाके में एक बहुमंजिला इमारत रहने वाली महिला सुबह मार्निंग वाक के लिए चौथी मंजिल की लिफ्ट से नीचे आ रही थी।समाचार एजेंसी पीटीआइ के मुताबिक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब वह लिफ्ट में दाखिल हुई तो चौथी व तीसरी मंजिल के बीच में लिफ्ट फंस गयी। महिला मदद के लिए चिल्लाती रही, उसकी आवाज सुन उसका बेटा मदद के लिए आया और लिफ्ट का दरवाजा खोलने का प्रयास करता रहा। इसके बाद उसे बिजली का झटका लगा जिसके बाद बिजली आपूर्ति बंद करनी पड़ी। लिफ्ट के तेज गति से नीचे भूतल पर गिरने से जख्मी हुई महिला इसके बाद इमारत के सुरक्षा गार्ड ने लिफ्ट का दरवाजा खोलने का प्रयास किया तो लिफ्ट तेज गति से नीचे भूतल पर गिर गयी। जिससे लिफ्ट में फंसी महिला के गंभीर चोटें आयी। जख्मी हालत में महिला को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया लेकिन डाक्टरों ने थोड़ी देर में ही उसे मृत घोषित कर दिया। चारकोप पुलिस ने इस मामले में दुर्घटनावश मौत की रिपोर्ट दर्ज की है।10 अक्टूबर को जयपुर के एक नामी होटल में भाई दूज मनाने के लिए गया परिवार करीब आधे घंटे तक लिफ्ट में फंसा रहा। परिवार की महिलाएं एवं बच्चे बुरी तरह घबरा गए। अंदर फंसे लोग चिल्लाते रहे जिसकी वजह से वहां अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया। लेकिन न तो पुलिस और न ही होटल स्टाफ उनकी मदद कर सका।ये हादसा शनिवार रात 11 बजे का बताया जा रहा है। इसके बाद लिफ्ट पहली मंजिल से बेसमेंट में गिर गई। ये परिवार होटल में पार्टी मनाने गया था। पार्टी खत्म होने के बाद कुछ लोग सीढ़ी की तरफ चले गए तो कुछ लिफ्ट से नीचे आने चले गए। दूसरी व तीसरी मंजिल तक लिफ्ट पहुंचने के बाद लिफ्ट अचानक नीचे आ गिरी। दहशत और अंधेरे की वजह से उनकी हालत काफी खराब हो गयी थी।




# दादर में स्कूल की रसोई में लगी आग, तीन झुलसे, निजी अस्पताल में एडमिट कराए गए घायल



**मुंबई।** मुंबई के दादर में बुधवार सुबह एक दो मंजिला स्कूल की इमारत के ग्राउंड फ्लोर में बने किचन में आग लग गई। इस हादसे में तीन लोग झुलस गए हैं। बताया जा रहा है कि जल्द सुबह करीब 5.19 बजे आकाशीकर पथ के छबीलदास सीबीएसइ स्कूल में लेवल-1 की आग लग गई। आग स्कूल भवन की दूसरी मंजिल पर एक प्रोग्राम हॉल की रसोई में लगी और यह अधिक से अधिक बिजली के तारों, कुछ सामानों, एलपीजी गैस सिलेंडर के मुख्य वाल्व, खाने-पीने की चीजों और कपड़ों तक ही सीमित रहा। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक एक अधिकारी ने कहा, हादसे में तीन के झुलसने की खबर है, जिन्हें निजी वाहन से लोगों ने सायन हॉस्पिटल में भिजवाया। घटना की सूचना मिलते ही दो फायर इंजन, एक जंबो टैंकर और एक एम्बुलेंस को मौके पर भेजा गया। अधिकारी ने बताया, आग लगने के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है। इधर, सायन हॉस्पिटल के चीफ मेडिकल अफसर ने कहा कि हादसे में झुलसे तीनों की उम्र 26, 38 औ 50 साल है। इनका अभी इलाज चल रहा है इसके अलावा, झारखंड के साहिबगंज में मंगलवार रात के दो बजे नगर थाना क्षेत्र के महाजनपट्टी गुड़ बाजार में स्थित पवन शॉ मिल में भीषण आग लग गई। इसमें लाखों का सामान जल गया और साथ ही साथ आग लगने की वजह शार्ट सर्किट बताई जा रही है। आग से गोदाम से सटे स्थित भाजपा नेता महेंद्र पोद्दार के घर व दुकान को भी नुकसान पहुंचा है इसी के साथ-साथ मंगलवार सुबह 9.35 बजे दिल्ली के नरेला औद्योगिक क्षेत्र की प्लास्टिक दाना बनाने वाली तीन मंजिला फैक्ट्री में आग लग गई। इस हादसे में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई है

# मुंबई की PMLA कोर्ट ने संजय राउत की न्यायिक हिरासत 14 दिन के लिए और बढ़ाई




**मुंबई।** मुंबई की विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम अदालत ने शिवसेना (उद्धव-बालासाहेब ठाकरे) नेता और सांसद संजय राउत की न्यायिक हिरासत 14 दिन और बढ़ा दी है। इससे पहले, 21 अक्टूबर को उनकी जमानत याचिका पर कोर्ट ने सुनवाई स्थगित कर दी थी। उस समय भी संजय राउत की न्यायिक हिरासत बढ़ाई गई थी। प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में संजय राउत को गिरफ्तार किया है।संजय राउत को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कथित भूमिका के लिए जुलाई में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने पीएमएलए अदालत से जमानत मांगी थी, जिसका अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अनिल सिंह ने विरोध किया था। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसी के पास 2011 से रिकॉर्ड मौजूद हैं, जो यह बताते हैं कि संजय राउत पात्रा चॉल प्रोजेक्ट में शामिल थे।पात्रा चॉल सिद्धार्थ नगर उपनगरीय गोरेगांव में स्थित है, जो 47 एकड़ में फैला है। इसमें 672 परिवार किराया देकर रहते हैं। महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी ने एचडीआईएल की एक सहयोगी कंपनी को 2008 में चॉल के लिए एक पुनर्विकास अनुबंध सौंपा था। जीएसीपीएल को किरायेदारों के लिए 672 फ्लैट बनाने और म्हाडा को कुछ फ्लैट देने थे। हालांकि, पिछले 14 वर्षों में एक भी किरायेदार को फ्लैट नहीं दिया गया। ईडी ने आरोप लगाया है कि कंपनी ने पात्रा चॉल का पुनर्विकास ही नहीं किया, बल्कि बिल्डरों को 1,034 करोड़ रुपये में भूमि पार्सल और फ्लोर स्पेस इंडेक्स बेच दिया था। पात्रा चॉल घोटाला मामले में न्यायिक हिरासत में चल रहे संजय राउत ने 8 अगस्त को न्यायालय की बेंच पर बैठकर अपनी मां को एक पत्र लिखा था।

# मुंबई के घाटकोपर में मॉल के अंदर हुआ बड़ा हादसा, स्लाइड से गिरने से छोटी बच्ची की गई जान

**मुंबई।** मुंबई के घाटकोपर के नीलयोग मॉल में रविवार को हुए भीषण हादसे में साढ़े तीन साल की बच्ची की मौत हो गई थी। यह हादसा किड्स जोन में हुआ।

पुलिस ने बताया कि बच्ची के परिवार ने औपचारिक शिकायत नहीं की थी, इसलिए स्थानीय पंत नगर पुलिस ने मामले में आकस्मिक मौत की रिपोर्ट दर्ज की है।

30 अक्टूबर की शाम फाइनेंस कंपनी में कार्यरत करण वर्मा और उनकी पत्न ी परमवीर कौर सभी तिलक नगर निवासी अपनी साढ़े तीन साल की बेटी दलीश को लेकर नीलयोग मॉल गए थे। वे मॉल के 5वीं मंजिल के किड्स जोन में गए थे। स्लाइड पर खेलते समय दलीश ऊपर गया और फिसलता हुआ आया, लेकिन नीचे आते ही उसे चक्कर आने लगे और जब तक उसकी मां उसे किड्स जोन से बाहर ले गई तब तक वह गिर पड़ी।माता-पिता उसकी बेटी को फोर्टिस अस्पताल मुलुंड ले गए, जहां पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। इस घटना की जानकारी अस्पताल ने पंत नगर पुलिस को दी क्योंकि घटना उनके अधिकार क्षेत्र में हुई थी, लेकिन चूंकि माता-पिता ने किसी के खिलाफ कोई शिकायत नहीं की थी,



इसलिए कोई अपराध दर्ज नहीं किया गया था। पंत नगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक रविदत्त सावंत ने कहा, ह्यमाता-पिता ने हमें बताया कि उन्हें किसी के खिलाफ कोई शिकायत नहीं है, अभी हमने दुर्घटना में मौत की रिपोर्ट दर्ज की है।ह्व राजावाड़ी अस्पताल में पोस्टमार्टम में मौत के पीछे कोई प्राथमिक कारण सामने नहीं आया है और बच्ची की मौत एक रहस्य बनी हुई है। डॉक्टरों ने मौत का कारण सुरक्षित रखा है और विसरा और रक्त के नमूने आगे के विश्लेषण के लिए हिस्टोपैथोलॉजी विभाग को भेजे गए हैं। पुलिस विश्लेषण के अनुसार, नीचे खिसकते समय लड़की का सिर ढलान से टकरा गया होगा, जिससे आंतरिक रक्तस्राव और मौत हो सकती है।

संपादकीय



संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला

# धर्म की आंच पर किसकी गलेगी दाल

दुनिया भर के राजनेताओं की तरह भारतीय राजनेता भी अपने वक्तव्य चुनावी नफे-नुकसान को ध्यान में रखकर ही देते हैं। इस लिए जब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने नोटों पर लक्ष्मी गणेश के चित्र छापने की मांग की, तो किसी को आश्चर्य नहीं हुआ। यह अलग बात है कि उन्होंने जो तर्क इस अनुरोध के पीछे दिए हैं, वे जरूर कौतूहल पैदा करने वाले हैं। सार्वजनिक जानकारी सही है, तो केजरीवाल आईआईटी से पढ़े हुए हैं, इसलिए जब वे कहते हैं कि अर्थव्यवस्था को सुधारने का एक तरीका है कि भारतीय नोटों पर लक्ष्मी गणेश के चित्र छापे जाएं, तो स्वाभाविक रूप से हमें ब्रिटिश मतदाताओं पर तरस आता है, जिन्होंने बाजार की गिरावट थामने के लिए अपना प्रधानमंत्री ही बदल डाला। मेरे जैसे भोजपुरिया के मन में कसक है कि उन्हें दरिद्दर भगाने का हमारा शर्तिया इलाज नहीं याद आया अन्यथा तो वह रिजर्व बैंक को सलाह देते कि उनकी हर शाखा में दीवाली के मौके पर सूप जरूर पीटा जाए। शायद बिहार के अगले चुनाव में यह भी याद आ जाए।

धर्म को ध्यान में रखकर की जाने वाली राजनीति की एक सीमा यह है कि इसमें भाषा के स्तर पर निरंतर बदलाव की जरूरत पड़ती है। कुछ दशक पहले एक फिल्म आई थी शोले। उसमें हिंसा को एक खास मुकाम दिया गया था। तब तक बनी किसी भी बम्बइया फिल्म से बहुत क्रूर थी इसकी हिंसा। सिनेमा घरों में इसने धूम मचा दी और बॉक्स ऑफिस के रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए थे, पर जब उसकी नकल पर और फिल्में बनीं, तो लगभग सभी पिट गईं। दर्शक अधिक की मांग कर रहे थे और निमार्ता निर्देशकों की सांसें फूली जा रही थीं। कुछ ऐसा ही प्रयोग 1970 के दशक में पंजाब में हुआ। ज्ञानी जैल सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस ने अपने कार्यक्रमों को अरदास से शुरू करने का प्रयास किया और बुरी तरह से पिटे। पंथ के धार्मिक प्रतीकों का अकालियों द्वारा प्रयोग कांग्रेस के मुकाबले अधिक विश्वसनीय लगता था। एक बार इस दौड़ में शरीक होते ही जो प्रतिस्पर्धा शुरू होती है, उसमें दौड़ना सबके बस का नहीं है। मुद्रा पर लक्ष्मी गणेश के चित्रों की मांग भी प्रतिस्पर्धी और बड़ी हिंदू छवि निर्मित करने का प्रयास अधिक प्रतीत होती है। इस मामले में आम आदमी पार्टी पहले से ही बहुत सतर्क व्यवहार करती रही है। शाहीन बाग जैसे आंदोलन में भी पार्टी खुलकर किसी पक्ष में नहीं दिखी थी। दिल्ली के उत्तर पूर्व जिले में सांप्रदायिक दंगों के दौरान पार्टी का वीतराग भी इसी रणनीति का हिस्सा था। अनेक लोगों को शिकायत है कि पीड़ितों को राहत पहुंचाने की दिशा में ज्यादा प्रभावी हस्तक्षेप नहीं किया गया। देश के भिन्न हिस्सों में पार्टी की कई सभाओं में जयश्री राम के नारे भी लगाए गए हैं और यह भी भुला दिया गया कि इसका कॉपीराइट तो किसी अन्य के पास है। शायद यह भुला दिया गया है कि कांग्रेस इसी चक्कर में अपना दामन जला चुकी है। उसने एक बार अपने चुनाव प्रचार की शुरूआत अयोध्या से की थी और एक चुनाव के मौके पर बाबरी मस्जिद का ताला खुलवाने में मदद की थी, दोनों बार उन्हें मुंह की खानी पड़ी।

# तलवार की धार पर चलता पाकिस्तान



पाकिस्तान इन दिनों तलवार की धार पर है। हालात क्या करवट लेंगे, कहना बहुत मुश्किल है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान चर्चा के केंद्र में चल रहे हैं। पहली बार इस तरीके से किसी नागरिक नेता ने पाकिस्तान की फौज और रियासत को चुनौती दी है। वर्तमान रियासत और फौज सकते में हैं, उन्हें समझ में नहीं आ रहा है कि इस चुनौती को किस तरह संभाला जाए। पहले यह हुआ करता था कि जैसे ही कोई राजनेता फौज के खिलाफ बातें करता था या फौज को चुनौती देता था, उसे दूध से जैसे मक्खी को फेंका जाता है, वैसे फेंक दिया जाता था। कई बार बिल्कुल रातोंरात फेंक दिया जाता था, तो कई बार घेरे में लेकर खत्म किया जाता था। नवाज शरीफ, बेनजीर भुट्टो इत्यादि नागरिक नेताओं के साथ यही हुआ था। विरोधी नेता कद्दावर न हो, तो पकड़कर सीधे जेल में डाल दिया जाता है। जैसे जावेद हाशिमी नाम के एक नेता थे, उन्होंने फौज के खिलाफ जब कुछ कहा, तो उन्हें 25 साल के लिए जेल में डाल दिया गया था मुशर्रफ के दौर में। ऐसे बहुत से उदाहरण हैं।

पहली बार हुआ है कि इमरान खान पर हाथ डालने से फौज एक प्रकार से डर रही है। फौज को डर है कि इमरान के खिलाफ कोई कड़ा कदम उठाया या उन्हें जेल में डाल दिया, तो कहीं ऐसा उपद्रव न हो जाए कि जिसे फौज संभाल न पाए। उपद्रव केवल सड़कों पर नहीं, ज्यादा बड़ा खौफ यह है कि फौज के अंदर भी दरारें आ गई हैं। इमरान खान ने कहा भी है कि फौज का आला कमान मेरे खिलाफ है, लेकिन फौज के मध्य अफसर हैं, मेरे साथ हैं। जनरल के परिवार भी मेरे हक में हैं। फौज को लग रहा है कि उसके कड़े कदमों से कहीं ह्यअरब स्प्रींगह्व या विद्रोह जैसी स्थिति न पैदा हो जाए। उपद्रव हुआ, तो संभालने के लिए गोलियां चलानी पड़ेंगी, इसमें दो समस्याएं हैं। इमरान को खैबर-पख्तुनवा प्रांत से भी समर्थन मिल रहा है, लेकिन सबसे प्रभावी समर्थन पंजाब से आ रहा है। गौर कीजिए, पाकिस्तान में बलूच अगर रियासत के खिलाफ खड़े हों, तो उन्हें गोलियों से भून दिया जाता है। सिंधियों और पख्तूनों को भी मारपीट कर शांत कर दिया जाता है, लेकिन पंजाब में ऐसी ज्यादती करना मुश्किल हो जाता है। इमरान खान के साथ आम लोगों का समर्थन दिख रहा है। उच्च-मध्य वर्ग और मध्यवर्ग का भी समर्थन उन्हें मिल रहा है, इन वर्गों के लोग फौज में हैं, नौकरशाही में हैं, इंजीनियर, डॉक्टर, कारोबारी हैं। अपने ही लोगों पर गोली चलाना या जेल में डाल देना बहुत मुश्किल काम है।

इससे उपद्रव की स्थिति और गंभीर हो सकती है। यह आशंका लगातार कायम है कि फौज तख्ता पलट दे, खुद देश की कमान संभाल ले। अभी फौज के जो प्रमुख हैं, वह छह साल से कमान संभाले हुए हैं। वह 29 नवंबर को रिटायर हो रहे हैं। पाकिस्तान में अब अगर फौज तख्ता पलटे, तो कोई एक डिक्टेटर या तानाशाह नहीं होगा। एक शब्द प्रचलित है जुंटा, वास्तव में हुंटा शब्द सही है। इस हुंटा में पांच-छह वरिष्ठ जनरल होंगे, जो सत्ता चलाएंगे। इसमें अपनी दुश्वारियां हैं, शासन चलाना आसान नहीं होगा। अब पाकिस्तान में कोई एक जनरल भी सत्ता संभाल ले, तो उसके लिए संभालना मुश्किल होगा। शादी करने के बाद गोवा पहुंचे कपल ने खाया जहर, लड़की ने पुलिस को बताया क्यों उठाया ऐसा कदम अभी फौज की स्थिति पाकिस्तान में बहुत घूमिल हो गई है। पहले जब तख्ता पलटा जाता था, तब चुनी हुई सरकार अलोकप्रिय हो गई होती थी और लोग चाहने लगते थे कि फौज सत्ता संभाले। अभी बिना जन-समर्थन के फौज के लिए भी सत्ता संभालना मुश्किल होगा।

पाकिस्तान में एक और बड़ी बात हो रही है कि वहां की अर्थव्यवस्था घुटनों पर आ गई है। अगर दुनिया से कर्ज नहीं मिले, तो वहां श्रीलंका से भी बुरे हालात हो जाएंगे। इसके साथ ही तालिबान की वापसी के बाद से आतंकवाद फिर सर उठा रहा है। इसके अलावा बाढ़ ने भी एक बड़ी आबादी व अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाया है। अनेक समस्याएं साथ-साथ चल रही हैं। इमरान खान के लिए समस्या यह है कि फौज का नेतृत्व इमरान के पक्ष में नहीं हैं। इमरान की वजह से फौज में दरारें पड़ी हैं, समाज में भी मतभेद बढ़ा है।

पाकिस्तान के हालात नाजुक हो गए हैं। पाकिस्तान को बाहर से मदद की जरूरत है। इमरान खान ने जिस तरह से विदेश नीति का संचालन किया है, उन्हें मदद कहीं से नहीं मिलेगी। चीन या सऊदी अरब से भी ज्यादा मदद नहीं मिल रही है। लगे हाथ, इमरान खान ने यह भी बयान दे दिया था कि उनको सत्ता से हटाने में अमेरिका का हाथ है। आर्थिक मदद के बिना पाकिस्तानी रियासत का सोमालिया या श्रीलंका से भी बुरा हाल हो सकता है। फौज किसी भी सूरत में इमरान को आने देना नहीं चाहती, इमरान खान भी इस बात को मान गए हैं। अतः उनकी मांग अब यह है कि चुनाव हो जाएं। समस्या यह है कि चुनाव के लिए अर्थव्यवस्था में भी मूलभूत सुधार या स्थिरता जरूरी है। लोगों के हालात बद से बदतर हो गए हैं। अभी जो उपचुनाव हुए हैं, वो संकेत करते हैं कि वर्तमान सरकार से लोगों का विश्वास घटा है और लोग इमरान की ओर मुड़े हैं। अभी चुनाव होते हैं, तो इमरान जीत सकते हैं, लेकिन फौज यह नहीं चाहती है। वर्तमान संसद का कार्यकाल अगले साल अगस्त तक है और उसके बाद कार्यवाहक सरकार आएगी, जो चुनाव कराएगी। पाकिस्तान में चुनाव अक्तूबर-नवंबर से पहले नहीं होंगे। इमरान चाहते हैं दो-तीन महीने में चुनाव हो जाएं।

अब इमरान जो मार्च लेकर आ रहे हैं, वह अगर सफल न हुआ, तो सरकार हावी हो जाएगी। एक संभावना यह भी है, इमरान खान के मार्च में पचास-साठ लाख लोग आ जाएं, इस तरह के हालात बन जाएं, तो हिंसा की आशंका भी बढ़ जाएगी। एक संभावना है, जिसमें फौज या वर्तमान सरकार इमरान की बात मानने के लिए तैयार हो जाए, लेकिन इससे फौज का वर्चस्व खत्म हो जाएगा।

# CM हेमंत सोरेन आज ED के सामने पेश नहीं होंगे

**झारखंड में सियासी भूचाल**



**रांची:** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं होंगे। वे गुरुवार को रायपुर में हो रहे आदिवासी नृत्य महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने जाएंगे। बुधवार को सत्तापक्ष के विधायकों की मुख्यमंत्री आवास में बैठक पूरे घटनाक्रम को भाजपा की साजिश करार देते हुए निर्णय लिया गया कि इस साजिश के कारण जो परिस्थितियां बनी हैं, उसका डटकर मुकाबला करेंगे। बैठक में प्रदेश सरकार को अस्थिर करने की साजिश का पदार्फाश करने का भी निर्णय लिया गया और तय किया गया कि सरकार को अस्थिर करने में जुटे राज्यपाल और केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। बैठक के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री का रायपुर जाने का कार्यक्रम पूर्व से ही निर्धारित है और वे वहां जाएंगे ही

। जहां तक ईडी के समन की बात है तो सीएम की ओर से इस संदर्भ में संवाद किया जाएगा।

मुख्यमंत्री आवास में आयोजित बैठक में निर्णय किया गया कि पांच नवंबर से राज्यपाल रमेश बैस और सरकार को अस्थिर करने में जुटी केंद्रीय एजेंसियों के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन की शुरूआत होगी। सत्ताधारी गठबंधन के सभी दल आंदोलन में भाग लेंगे और हर जिला मुख्यालय में यह आंदोलन होगा। बैठक समाप्त होने के बाद राज्य सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि सत्ताधारी गठबंधन के कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर राज्यपाल की साजिश का पदार्फाश करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा को अगर आक्रमण करना है तो वह सीधे करे। राज्यपाल की मंशा सरकार को बर्खास्त करने की है तो सीधे कार्रवाई करें। भाजपा के नेता पीठ में छुरा घोंपना चाहते हैं। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर और कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम के अलावा राज्य सरकार के मंत्री जगरनाथ महतो को छोड़कर सारे मंत्री और विधायक उपस्थित थे।

## फ्लोरिडा में 17 बच्चों व कर्मचारियों की हत्या के आरोपी को उम्रकैद की सजा



**फ्लोरिडा।** अमेरिका के फ्लोरिडा हाई स्कूल में एक सेमी-ऑटोमेटिक राइफल से 17 छात्रों और कर्मचारियों की हत्या करने वाले निकोलस क्रूज को बुधवार को उम्र कैद की सजा सुनाई गई है। समाचार एजेंसी रायटर के अनुसार, आरोपी क्रूज ने 14 फरवरी 2018 को एक स्कूल में घुसकर फायरिंग की थी। जिसमें 17 लोगों की मौत हुई थी।जानकारी के अनुसार, कोर्ट ने साल 2018 में फ्लोरिडा के एक स्कूल में 17 बच्चों व कर्मचारियों की हत्या के मामले में क्रूज को हत्याओं का दोषी ठहराया था। ब्रोवार्ड काउंटी सर्किट जज एलिजाबेथ ने अभियोजन पक्ष के अनुरोध पर सहमति जताई। कोर्ट ने क्रूज के सजा के एलान से पहले पीड़ितों के रिश्तेदारों को अदालत को संबोधित करने की अनुमति दी। जिसके बाद कोर्ट ने क्रूज की सजा का एलान किया।पीड़ित पक्ष ने फांसी की सजा देने की मांग दरअसल, मंगलवार को कोर्ट की कार्यवाही पीड़ित पक्ष के बयानों के साथ शुरू हुई। कई पीड़ितों के रिश्तेदारों ने जूरी के उस फैसले की आलोचना की। जिसमें एक जूरी ने पिछले महीने क्रूज को मौत की सजा से बचाने के लिए मतदान किया था। उन्होंने कहा कि दोषी व्यक्ति को फांसी की सजा देने के लिए सभी 12 जूरी सदस्यों को एकमत होना चाहिए।

# CM केजरीवाल ने केंद्र सरकार से पूछा- वायु प्रदूषण पर सभी राज्यों की बैठक क्यों नहीं कर रहे पीएम?

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उत्तर भारत में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। अरविंद केजरीवाल ने पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार का भी बचाव किया है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह जानबूझकर दशार्या जा रहा है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण के लिए केवल पंजाब और आप (अअढ) ही जिम्मेदार हैं।इसके साथ ही सीएम केजरीवाल ने राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर पर सवाल उठाने के लिए केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को फटकार लगाई। केजरीवाल ने कहा कि हरियाणा और उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में वायु



प्रदूषण बढ़ा है। राजस्थान और मध्य प्रदेश के सभी शहरों में भी अदक लगभग एक समान है केजरीवाल ने पूछा कि क्या हर जगह वायु प्रदूषण के पीछे आम आदमी पार्टी (अअढ) का हाथ है। उन्होंने कहा कि यदि पूरा उत्तर भारत प्रदूषण का सामना कर रहा है तो इसका समाधान कौन निकालेगा? उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री को इसका समाधान खोजना चाहिए और उन्हें एक बैठक भी बुलानी चाहिए।केजरीवाल ने कहा कि उत्तर भारत में बढ़ते वायु प्रदूषण के बाद भी प्रधानमंत्री सभी राज्यों की बैठक क्यों नहीं कर रहे हैं? वह इस समस्या का समाधान क्यों नहीं खोज रहे हैं? अगर मुझे गाली देने से पूरे उत्तर भारत में वायु प्रदूषण की समस्या हल हो सकती है, तो मुझे 24 घंटे गालियां दें, लेकिन यह कोई समाधान नहीं है।

# पुलिस कस्टडी में दुकानदार की मौत, दारागंज थाने में घटना, बेली अस्पताल पहुंचे पुलिस अधिकारी



**प्रयागराज।** पड़ोसी महिला से अभद्रता के आरोप में पकड़े गए किराना दुकानदार लवकेश शर्मा की मौत हो गई। इससे पुलिस कर्मियों में खलबली मच गई। बताया जाता है कि दारागंज थाना क्षेत्र के मीरा गली में रहने वाले लवकेश शर्मा पर पड़ोसी महिला ने बुधवार शाम अभद्रता करने आरोप लगाया था। शिकायत मिलने पर पहुंचे पुलिस वाले लवकेश शर्मा को दारागंज थाने पकड़ लाए। इसके बाद उससे पूछताछ की।गुरुवार सुबह महिला ने लिखित शिकायत नहीं की तो शांति भंग के आरोप में चालान कर दिया। इसके बाद शाम को कई अन्य अभियुक्तों के साथ लवकेश को अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि मिर्गी का दौरा पड़ने से मौत हुई है।

# सिद्धार्थ मल्होत्रा, वरुण धवन से लेकर काजोल तक, ओटीटी पर उतरने वाले हैं ये सितारे

**नई दिल्ली।** सिनेमा और छोटे पर्दे के बाद देश में मनोरंजन का सशक्त माध्यम बन चुके ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर अब बॉलीवुड के कई सितारे डेब्यू के लिए तैयार है। सिद्धार्थ मल्होत्रा, वरुण धवन से लेकर सुनील शेट्टी, काजोल और करीना कपूर खान तक विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर आने वाली वेब सीरीजों में दिखेंगे। कोई पुलिस अफसर तो कोई वकील के किरदार में ओटीटी पर नजर आएगा।

सिद्धार्थ रोहित शेट्टी निर्देशित वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स से ओटीटी पर आ रहे हैं। यह रोहित के कॉप यूनिवर्स की पहली ओटीटी पेशकश है। रोहित का भी यह ओटीटी डेब्यू कहा जाएगा। सीरीज में शिल्पा शेट्टी और विवेक ओबेरॉय भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। सीरीज प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।वरुण राज एंड डीके निर्देशित वेब सीरीज से डेब्यू करेंगे, जो अमेरिकन सीरीज सिटेडल का रीमेक है। इस सीरीज में वरुण सामंथा रूथ प्रभु के साथ नजर आएंगे।इरफान खान के बेटे बाबिल काला से ओटीटी पर अपनी पारी शुरू कर रहे हैं। बाबिल की यह एक्टिंग करियर की शुरूआत भी है। नेटफ्लिक्स पर आ रही फिल्म में तृप्ति डिमरी और स्वास्तिका मुखर्जी भी लीड स्टार कास्ट में शामिल हैं। करीना



सुजॉय घोष की निमार्णाधीन फिल्म से ओटीटी डेब्यू कर रही हैं। इस फिल्म में विजय वर्मा और जयदीप अहलावत बेबो के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर कर रहे हैं। इसकी कहानी थ्रिलर नॉवल द डिवोशन ऑफ सस्पेक्ट एक्स से ली गयी है। हाल ही में करीना ने फिल्म की शूटिंग पूरी की है।

सारा प्राइम वीडियो की वेब सीरीज ए वतन मेरे वतन से ओटीटी डेब्यू कर रही हैं। वरुण ने इसका हिंट एक वीडियो के जरिए दिया था, जो प्राइम वीडियो के सोशल मीडिया एकाउंट्स से शेयर किया गया था। इसका निर्माण करण जौहर कर रहे हैं और इसकी पृष्ठभूमि 1942 का भारत छोड़ो आंदोलन है। सारा, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के मुख्य किरदार में होंगी।

शाहिद राज एंड डीके निर्देशित वेब सीरीज से ओटीटी पारी शुरू कर रहे हैं।

## सलमान खान और कटरीना कैफ की टाइगर 3 में हुई टीवी और ओटीटी की इस मशहूर एक्ट्रेस की एंट्री

**नई दिल्ली।** सलमान खान और कटरीना कैफ की टाइगर 3 बॉलीवुड की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में शामिल है। इस स्पाइ थ्रिलर का सलमान के फैंस के साथ ट्रेड को भी बेसब्री से इंतजार। टाइगर सीरीज की पहली दोनों फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर गदर मचाया था। हिंदी फिल्मों की इस वक्त जो हालत चल रही है, उसमें टाइगर 3 जैसी फिल्मों से उम्मीदें बढ़ गयी हैं। इस बीच खबर आ रही है कि सलमान-कटरीना की फिल्म में लोकप्रिय टीवी अभिनेत्री रिद्धि डोगरा की एंट्री हुई है। फिल्म से जुड़े एक नजदीकी सूत्र ने बताया कि अगले साल दिवाली पर रिलीज की तैयारी कर रही फिल्म के लिए काफी एक्साइटमेंट है।

टाइगर 3 की कास्टिंग पर निर्देशक मनीष शर्मा का काफी ध्यान है और वो सक्षम कलाकारों को ले रहे हैं।सलमान, कटरीना और इमरान हाशमी के साथ अब रिद्धि डोगरा ने कास्ट को ज्वाइन किया है। रिद्धि को उनके पिछले काम की वजह से चुना गया है। उन्होंने टेलीविजन और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर अच्छी परफॉर्मेंस दी है। टाइगर 3 में रिद्धि का क्या किरदार होगा,




इसका खुलासा अभी नहीं किया गया है। मगर, इतना तय है कि उनका किरदार काफी अहम है। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। रिद्धि असुर और द मैरीड वुमन जैसी वेब सीरीजों में नजर आ चुकी हैं, जिनमें उन्होंने मुश्किल किरदार निभाये।टाइगर फ्रेंचाइजी की शुरूआत 2012 में आयी एक था टाइगर के साथ हुई थी। सलमान इस सीरीज में भारतीय रॉ एजेंट का किरदार निभाते हैं, जबकि कटरीना पाकिस्तानी खुफिया एजेंट हैं। पहले पार्ट का निर्देशन कबीर खान ने किया था, जबकि दूसरे पार्ट टाइगर जिंदा है का निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया था और यह 2017 में रिलीज हुआ था।

तीसरे भाग के निर्देशन की जिम्मेदारी मनीष शर्मा ने संभाली है।एक था टाइगर में दिखाया गया था कि सलमान खान के किरदार टाइगर को एक मिशन पर भेजा जाता है, जहां उसे आइएसआइ की एजेंट जोया मिलती है। दोनों में प्यार हो जाता है। टाइगर जिंदा है कि कहानी 2014 में भारतीय नर्सों को किडनैप करने और छुड़ाने के मिशन पर आधारित थी।

## बालों में लगाएं शहद और मेयोनीज का हेयर मास्क, स्मूथ हो जाएंगे बाल

बदलते मौसम में बालों का टूटना, रूखा होना और गिरना कोई बड़ी बात नहीं है। खासकर दिल्ली, लखनऊ, हैदराबाद जैसे शहरों में जहां वायु प्रदूषण इतना ज्यादा बढ़ रहा है बालों की समस्याएं होना आज आम हो चुका है। बालों की समस्याओं से राहत पाने के लिए कुछ लोग बाजार में मिलने वाले प्रोडक्टस इस्तेमाल करते हैं, जो न सिर्फ जेब पर असर डालते हैं बल्कि एक वक्त के बाद बालों की नेचुरल शाइन को खत्म कर देते हैं। लेकिन जरा सोचिए कि आपको 10 से 15 रुपये में स्मूद और हेल्दी हेयर मिल जाएं तो आप क्या करेंगे। आप कहेंगे ये कैसे संभव है? और हम कहेंगे ये बिल्कुल संभव है। बालों के रुखेपन की समस्या से राहत पाने के लिए आज हम आपको बताने जा रहे हैं एक खास घरेलू नुस्खा ये नुस्खा न सिर्फ आपके बालों की खोई हुई चमक को लौटाने में मदद करेगा बल्कि उनके टूटने और गिरने पर भी ब्रेक लगाएगा। इस घरेलू नुस्खें को ट्राई करने के लिए आपको शहद और मेयोनीज की जरूरत पड़ेगी। आइए जानते हैं कैसे बनाया जाता है शहद और मेयोनीज




का हेयर मास्क और इसे लगाने का तरीका।अगर आपके पास ब्लेंडर है, तो यह और भी अच्छे से इसे मिलाने में आपकी मदद करेगा। मेयोनीज और शहद के मास्क में थोड़ा सा घी डालकर मिलाएं।मेयोनीज और शहद से हेयर मास्क बनाने के बाद बालों को पानी से भिगो लें। अगर आपने 1 दिन पहले ही शेम्पू किया है तो बालों को पानी से भिगाने की जरूरत नहीं है। इसके बाद उंगलियों की मदद बालों को हिस्सों में बांटें और हेयर मास्क की लेयर लगाएं।जब परत दर परत मेयोनीज और शहद का हेयर लग जाए तो इसे प्लास्टिक से कवर करें। बालों में मेयोनीज और शहद का हेयर मास्क 15 से 20 मिनट तक लगा रहने दें। जब हेयर मास्क सूख जाए तो प्लास्टिक की लेयर को खोलें और माइल्ड शेम्पू से धोएं।

आप बालों को हेल्दी बनाने के लिए सप्ताह में 2 बार मेयोनीज और शहद के हेयर मास्क का इस्तेमाल कर सकते हैं।

पैच टेस्ट में आपको जलन, खुजली या किसी अन्य तरह की परेशानी हो रही है तो इसका इस्तेमाल न करें।

जिन लोगों को मेयोनीज या शहद से किसी तरह की एलर्जी है उन्हें भी इस हेयर मास्क का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। प्रेगनेंट महिलाओं और स्तनपान करवाने वाली महिलाएं इस हेयर मास्क को ट्राई करने से पहले डॉक्टर की सलाह लें।

# बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने फेक फील्डिंग पर लिया संज्ञान, जलाल यूनुस ने कहा- उचित मंच पर उठाया जाएगा मुद्दा

**नई दिल्लीः** टी20 वर्ल्ड कप 2022 के राउंड-12 में भारत ने बांग्लादेश को 5 रन से हरा दी है। इस मैच में बांग्लादेश के विकेटकीपर-बल्लेबाज नुरुल हसन ने भारतीय खिलाड़ी विराट कोहली पर फेक फील्डिंग का आरोप लगाया है। नुरुल जिस घटना का जिक्र कर रहे थे वह सातवें ओवर में हुई। भारत की तरफ से अक्षर पटेल गेंदबाजी कर रहे थे। लिटन दास ने डीप मिड विकेट की तरफ गेंद खेली। अर्शदीप ने गेंद को फील्ड कर थ्रो किया।

इस पर कोहली ने ऐसे जताया कि जैसे वह गेंद को पकड़कर नॉन-स्ट्राइकर की तरफ थ्रो कर रहे हैं।बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के क्रिकेट ऑपरेशन चेयरमैन जलाल यूनुस ने कहा कि उन्होंने इस मामले पर कप्तान शाकिब



अल हसन से बातचीत की है। शाकिब ने बताया कि उन्होंने फेक थ्रो और गीली आउटफील्ड को लेकर अंपायर से बातचीत भी की। उन्होंने फील्ड को सुखाने के लिए अंपायर को और भी समय लेने के लिए कहा था।उन्होंने आगे कहा कि शाकिब ने फेक थ्रो को लेकर अंपायर इरास्मस से बात की थी, लेकिन अंपायर ने ध्यान नहीं दिया।

उन्होंने कहा, ह्यअंपायरों का फैसला अंतिम है और यही कारण है हम इस मामले पर ज्यादा बहस नहीं करना चाहते हैं।

यूनुस ने आगे कहा, वे इस मुद्दे को उठाने के लिए उचित मंच पर जाएंगे। जलाल ने कहा, ह्य हम इस मामले को गंभीरता से ले रहे हैं। यूनुस ने यह भी कहा कि वे इस मुद्दे को उठाने के लिए उचित मंच पर जाएंगे।

आइसीसी के नियम 41.5 के तहत फील्डिंग कर रही टीम जानबूझकर ध्यान भटकाने, धोखे या बल्लेबाज को बाधा पहुंचाता है तो वह खेल नियम के तहत गलत माना जाएगा। यदि अंपायर को लगता है कि किसी ने नियम का उल्लंघन किया है तो वह डेड बॉल घोषित कर सकते हैं और टीम पर पांच रन की पेनल्टी लगा सकते हैं।

# केएल राहुल ने बताया वो कब सो सकते हैं चैन की नींद! थ्रो आउट को लेकर बताई दिलचस्प बात



**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2022 में सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने बांग्लादेश के खिलाफ अर्धशतकीय पारी खेली। इस पारी में उन्होंने 32 गेंदों पर 50 रन बनाए। इस मैच से पहले केएल राहुल का फार्म टीम के लिए चिंता का विषय बना हुआ था और पिछले तीन मैचों में उन्होंने 4,9,9 रन की पारी खेली थी।

केएल राहुल बल्लेबाजी के दौरान शुरू में थोड़े से संघर्ष करते नजर आए। कप्तान रोहित शर्मा के जल्द आउट होने पर राहुल ने आक्रामक रुख अपना लिया। उन्होंने विराट कोहली के साथ तीसरे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी की। राहुल ने 156.3 के स्ट्राइक रेट से 32 गेंद पर 50 रन बनाकर आउट हो गए।

केएल राहुल ने अपनी पारी के दौरान तीन चौके और चार छक्के लगाए।इसके अलावा बांग्लादेश के खिलाफ राहुल ने शानदार फील्डिंग करते हुए सटीक निशाना साधकर लिटन दास को रन आउट कर दिया था।

इस विकेट के बाद बांग्लादेश की टीम बैकफुट पर आ गई।

मैच खत्म होने के बाद राहुल ने प्रेस कॉफ्रेंस के दौरान कहा, ह्यटीम ने मुझे एक भूमिका सौंपी और अगर टीम मुझसे जो चाहती है मैं उससे करने में सफल रहता हूं तो फिर मैं चैन की नींद सो सकता हूं। यह मैच हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण था। राहुल ने आगे कहा कि टीम ने मुश्किल परिस्थितयों से निपटने के लिए अच्छी तैयारी की है।

लिटन दास को रन आउट करने के बारे में राहुल ने कहा, हम सभी ने अपने फील्डिंग पर मेहनत की है। हमने तेजी से थ्रो करने की प्रैक्टिस की है। उन्होंने कहा कि गेंद मेरे पास आई और मैंने उसे तेजी से स्टंप तक पहुंचा दिया।

# पृथ्वी, श्रेयस व सरफराज की पारी से पहली बार फाइनल में पहुंची मुंबई



**नई दिल्लीः** सैयद मुश्ताक अली ट्राफी टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बारी मुंबई ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। अंजिक्य रहाणे की कप्तानी में मुंबई ने इस पूरे सीजन में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना हिमाचल प्रदेश के साथ होगा। मुंबई ने दूसरे सेमीफाइनल मैच में विदर्भ को हराते हुए ये सफलता हासिल की तो वहीं इस टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में हिमाचल ने पंजाब को हराकर फाइनल में जगह बनाई। मुंबई टीम की जीत में श्रेयस अय्यर की अर्धशतकीय पारी साथ ही पृथ्वी शा व सरफराज खान की छोटी, लेकिन तेज पारी का बड़ा योगदान रहा। इस टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में मुंबई का सामना विदर्भ के साथ हुआ। विदर्भ ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए जीतेश शर्मा की 46 रन जबकि अक्षय वानखेड़े की 34 रन की पारी के दम पर 20 ओवर में 7 विकेट पर 164 रन का स्कोर खड़ा किया। मुंबई की तरफ से शम्स मुलानी ने तीन जबकि तुषार देशपांडे व शिवम दुबे ने दो-दो सफलता अर्जित की। मुंबई को जीत के लिए 165 रन का लक्ष्य मिला था.

# नकली पुलिस बनकर चार यात्रियों से सवा छह लाख लूटे

मुंबईः महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में नकली पुलिस बनकर आबू धाबी की फ्लाइट पकड़ने के लिए हवाई अड्डे जा रहे चार यात्रियों को लूटने का मामला सामने आया है। चारों यात्रियों को अगवा कर इनको वेस्टर्न एक्सप्रेसवे पर खेरवाड़ी से गोरेगांव पूर्व ले जाया गया। यहां उनसे भारतीय, विदेशी मुद्रा व सामान और 6.28 लाख रुपये की नकदी भी लूट ली। इस कारण उनकी फ्लाइट भी छूट गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मोहम्मद इमरान सैय्यद (26), मोहम्मद रियान (27), मोहिउद्दीन एजाज (29) व मोहम्मद धीयार (26) मंगलवार रात 8:30 बजे भिंडीबाजार से टैक्सी कर बांद्रा-वर्ली सी लिंक के माध्यम से वे वेस्टर्न एक्सप्रेसवे पर पहुंचे। अचानक हवाई अड्डे के रास्ते में पीछे से एक कार आई। उसके अंदर बैठे व्यक्ति ने खेरवाड़ी के पास हाईवे पर टैक्सी के सामने अपनी कार लगाकर टैक्सी का रास्ता रोकने को कहा। रात करीब 9:10 बजे जैसे ही उनकी टैक्सी रुकी, उनमें से एक कार सवार उतर गया। जैसे ही वह टैक्सी के पास पहुंचा सैय्यद ने देखा कि वह खाकी पैंट पहने हुए है और उसके हाथ में छड़ी है, जिसका इस्तेमाल आमतौर पर पुलिस करती है। उसने खुद को एक पुलिसकर्मी बताते हुए इन चारों से पूछा कि वे कहां जा रहे हैं।



सैय्यद ने जवाब दिया कि आबू धाबी जाने के लिए फ्लाइट है। इसलिए वह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे जा रहे हैं।

पुलिस को दिए गए बयान के अनुसार, सैय्यद ने कहा कि कथित पुलिस अधिकारी ने बिना कुछ पूछे मुझे पीटना शुरू कर दिया और मेरा मोबाइल फोन भी छीन लिया और साथ ही मेरे साथियों को टैक्सी से बाहर ले गया, हमारे सभी फोन और सामान अपने कब्जे में ले लिया। बैग की तलाशी ली और सभी नकदी और कीमती सामान अपने कब्जे में ले लिया, हमें थाने ले जाने की धमकी देने लगे, पासपोर्ट जब्त कर लिया और हमें छह महीने के लिए जेल भेजने की धमकी भी दी। वे हमें जबरन कार में बिठाकर दहिसर की ओर ले गया। उसने अंधेरी में पेट्रोल भरवाया और बाद में हमें नेस्को ग्राउंड के पास गोरेगांव पूर्व ले गया। कार से उतरकर उन्होंने हमारा पासपोर्ट लौटा दिया, सभी के फोटो खींचे और हमें सड़क पर छोड़ दिया, रात करीब 11:10 बजे वे हमारा सारा सामान और कीमती सामान लेकर दहिसर की ओर चल दिए। \एक अन्य अधिकारी ने कहा कि इस घटना के बाद पीड़ित वनराई पुलिस स्टेशन पहुंचे।

URGENTLY REQUIRED FEMALE STAFF

VACANCY VACANCY

ICON OPTICAL GALLERY




Urgently Required Female Staff Accountant Cum Sales Girl For Counter Sell.

Note : Must Have Computer Operating Knowledge

Contact Us : 9819292152

Shop No. 52, R.N.A. Arcade, Lokhandwala Complex, Andheri (West), Mumbai - 400 053

murtaza12152@yahoo.com



TASNEEM COLLECTION



Online Shopping Hub

*Only of Ladies Bags, Kurtis, Accessories*

*Kitchen & Household items*

*Baby products*



*Plastic items*

*And much more......all under one roof*

*Best business apportunity for housewives to become reseller & earn at zero investment*

Farida Rampurawala : 8898065152

RH 1, C 26 row house number, Swamy Ayyappam temple road, Sector. 8, New Mumbai, Vashi-400 703

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक – मुर्तुजा मामाजीवाला के द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, युनिट नं. 4, ग्राउंड फ्लोअर, एन. के इंडस्ट्रिअल इस्टेट , ऑफ आरे रोड , प्रवासी इंडस्ट्रिअल इस्टेट के पास , गेट नं. 2, गोरेगाव (पूर्व),मुंबई - 400063 से मुद्रित कर शिव वातुक सेना कासिम नगर नियर लक्ष्मी इस्टेट न्यू लिंक रोड, अंधेरी (प),मुंबई -400053 प्रकाशित । संपादक : मुर्तुजा मामाजीवाला मों. 9819199997

T.C. NO. MAHHIN10172 ■ ईमेल: newsicon2021@gmail.com ■ newsicon.net